# श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

सच की ताकत, खबरों के साथ

9414917401 ♦ गुरूवार ♦ 19 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 919


## गोपाष्टमी पर श्रीगोपाल गौशाला में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** गौरव पथ स्थित श्रीगोपाल गौशाला में मंगलवार को गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला समिति की ओर से भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं गौशाला के सामने स्थित मैदान में परंपरागत मेला भरा, जहां सजी अस्थाई दुकानों पर दिनभर रौनक रही। बड़ी संख्या में बच्चे अपने परिजनों के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे। गौशाला परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। दिनभर विधि-विधान के साथ गौपूजन एवं श्रीकृष्ण पूजन किया गया। सांस्कृतिक समारोह में गौशाला संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोमाणी ने हर परिवार को गौसेवा से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक घर में गाय का पालन संभव नहीं है, लेकिन सनातनी गौसेवा संकल्प योजना से जुड़कर प्रतिवर्ष एक गाय के पालन पर 15 हजार रुपए का सहयोग देकर गौसेवा में सहभागी बना जा सकता है। समारोह में वर्ष 2013 से गौशाला में सेवाएं दे रहे भंवरलाल राणा को गौसेवक सम्मान से नवाजा गया। गौशाला अध्यक्ष जसराज मालू की ओर से प्रदान किए जाने वाले इस सम्मान को उनके भाई मदनलाल मालू ने भंवरलाल राणा को सौंपा। इस दौरान उन्हें फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा एक लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। गौशाला समिति मंत्री जगदीश स्वामी ने वार्षिक आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चंपालाल झंवर, ताराचंद इंदौरिया, कमल सोमाणी, श्रीगोपाल कोडामल राठी, कुंभाराम घिंटाला, मनोज गुसाई, राजेंद्र प्रसाद झंवर, रामचद्र राठी, राधेश्याम तापड़िया, शंकरलाल चांडक, शिवभगवान पेड़िवाल, अशोक झंवर, अशोक चांडक, दिलीप झंवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु, बच्चे एवं युवा उपस्थित रहे। मंच संचालन समिति सदस्य विशाल स्वामी ने किया।

## स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों पर झूमे दर्शक, विजेताओं पर बरसे पुरस्कार







**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स।** समारोह में जयपुर पब्लिक स्कूल, संस्कार इनोवेटिव पब्लिक स्कूल, विद्यास्थली स्कूल, सनशाइन पब्लिक स्कूल, सनफ्लावर, महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक निकेतन स्कूल, गीता पब्लिक स्कूल एवं सुमित शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। नृत्य प्रतियोगिता में संस्कार इनोवेटिव पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रस्तुति से प्रभावित होकर गौशाला अध्यक्ष जसराज मालू ने 7100 रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी। महाराणा प्रताप स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसे 7100 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। जयपुर पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया और उसे 5100 रुपए एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में भाग लेने वाली शेष सभी टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप 1100-1100 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं सनशाइन स्कूल को अध्यक्ष जसराज मालू की ओर से 5100 रुपए की विशेष प्रोत्साहन राशि दी गई। प्रतियोगिता में पार्षद बबीता देवी, कोरियोग्राफर सुरभि भोजक एवं तेरापंथ महिला मंडल मंत्री अंबिका डागा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समिति की ओर से तीनों निर्णायकों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।





## अणुव्रत सर्किल में आधी रात को घुसा लोडर-ट्रैक्टर, तारबंदी और बोर्ड तोड़कर ले गए अज्ञात लोग



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** नेशनल हाईवे से लूणकरणसर जाने वाले मार्ग पर कालू तिराहे के बीच स्थित अणुव्रत समिति के अणुव्रत सर्किल की भूमि पर मंगलवार देर रात अज्ञात लोगों द्वारा नुकसान पहुंचाने और सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। समिति सदस्यों के अनुसार बुधवार सुबह करीब 3 बजे एक लोडर और ट्रैक्टर के जरिए सर्किल की भूमि में जबरन प्रवेश किया गया। इस दौरान वहां लगी तारबंदी और पेड़ तोड़ दिए गए तथा बोर्ड सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई। समिति मंत्री एडवोकेट रणवीर सिंह खींची ने इस संबंध में थानाधिकारी को परिवाद सौंपकर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच करने की मांग की है। खींची ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह करीब 7 बजे मॉर्निंग वॉक के दौरान वे अणुव्रत सर्किल पहुंचे तो वहां लगा बोर्ड और तारबंदी गायब मिले। उन्होंने बताया कि यह सर्किल पिछले करीब 15 वर्षों से स्थापित है। अज्ञात लोगों द्वारा रात के समय वाहनों से भूमि में प्रवेश कर तारबंदी और पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया तथा बोर्ड सहित सामग्री उठा ले जाने की बात सामने आई है। परिवाद देने के दौरान समिति सदस्य विजयराज सेठिया, तुलसीराम चोरड़िया, सत्यनारायण स्वामी, विशाल स्वामी, संजय पारीक, एडवोकेट अनिल धायल, नारायण सारस्वत, अशोक झाबक और मुकेश स्वामी मौजूद रहे। सदस्यों ने घटना की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों की पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## सूदखोर के खिलाफ दो मामले और दर्ज, छह दिनों के रिमांड के बाद भेजा जेल- 20 रुपए सैंकड़ा ब्याज वसूली और फर्जीवाड़े से संपत्ति हड़पने का काला खेल

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवम्बर 2026।** जरूरतमंदों को उधार देने के नाम पर खाली स्टाम्प, खाली चैक लेने एवं 20 रुपए सैंकड़े तक का चक्रवर्ती ब्याज लेने एवं समय पर रुपए नहीं दे पाने की स्थिति में पीड़ित की संपत्ति हड़प लेने वाले सूदखोर को श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने छह दिनो के रिमांड के बाद जेल भेज दिया है। श्रीडूंगरगढ़ थानाधिकारी कश्यप सिंह ने बताया कि कालूबास निवासी दौलतराम पुत्र गोपालराम घिंटाला के खिलाफ फर्जी इकरारनामे, मुख्तयारनामे के माध्यम से अपना प्लॉट हड़पने का आरोप लगाते हुए धोखाधड़ी का मामला गत 11 नवम्बर को दर्ज हुआ था। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार किया एवं न्यायालय में पेश कर 16 नवम्बर तक रिमांड पर लिया। इस दौरान अनुसंधान किया गया तो पुलिस के होश उड़ गए एवं आरोपी से बड़ी संख्या में अलग अलग लोगों के हस्ताक्षर किए हुए खाली चैक, हस्ताक्षर किए हुए स्टाम्प एवं संपत्तियों के इकरारनामे, मुख्यातरनामे, विक्रय पत्र बरामद किए गए। आरोपी लोगों को महंगें ब्याज के बदले फर्जी लिखापढ़ी के माध्यम से संपत्ति हड़प लेता है एवं खाली चैकों के माध्यम से कई व्यक्तियों के खिलाफ एनआईएक्ट के दावे न्यायालय में पेश कर ब्लैकमेल करते हुए बड़ी राशि भी वसूल चुका है।

## दिव्यांग दंपत्ती ने तीन पड़ौसियों पर धोखाधड़ी से प्लॉट की पॉवर अटार्नी अपने नाम करवाने के आरोप में मामला दर्ज

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** जमीनों के विवाद क्षेत्र में लगातार बढ़ रहें है। एक दिव्यांग दंपत्ती ने अपने तीन पड़ौसियों के खिलाफ धोखाधड़ी से उनके मकान की पॉवर अटार्नी अपने नाम करवाने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। श्रीडूंगरगढ़ थाने में कालूबास निवासी हरिराम मेघवाल ने इसी मोहल्ले रहने वाले दौलतराम जाट, भंवरलाल मेघवाल, मनमोहन सुथार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप लगाए है। परिवादी ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी पत्नी आंखो से दिव्यांग है। करीब चार साल पहले उसे घरेलू काम के लिए उसने दौलतराम से 20 हजार रूपए उधार लिए। आरोपी ने उसे नगरपालिका में कैंप चलने और उसकी जानपहचान से उसके घर की जमीन नाम करवाने का विश्वास दिलवाया। परिवादी ने बताया कि 7 जुलाई 2022 को उसके घर का पट्टा जो उसकी माँ किशनादेवी के नाम था, लेकर वह आरोपी के पास गया। आरोपी उसे तहसील के पास ले गया और वहां तीनों आरोपियों की मौजूदगी में दो स्टाम्प खरीदकर अपने हिसाब से उनपर लिखापढ़ी करवाई और उसके अंगूठे लगवाए। आरोपी ने पट्टा व लिखापढ़ी किए दोनों स्टाम्प अपने पास रख लिए। परिवादी ने बताया कि उसने आरोपी को 20 हजार रूपए के बदले कभी किश्त, पैनेल्टी के नाम पर करीब 2 लाख रूपए दे दिए। अब करीब दस दिन पहले आरोपी ने परिवादी से 20 हजार रूपयों का तकादा किया। परिवादी ने दो लाख रूपए दे देने की बात कही तो आरोपी गुस्से में आ गया और जमीन बेचने की पावर अटार्नी भंवरलाल के नाम लिखवा लेने की बात कही। परिवादी के पट्टा मांगने पर आरोपी ने मना कर दिया व घर से बेदखल करने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एसआई राजेंद्र कुमार को दी है।

## बेमौसम बरसात से खराब हुई फसलों का मुआवजे दिलवाने की मांग



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** गत दिनों बे-मौसम बरसात से श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में मूंगफली व अन्य फसलों में 50 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया ने उपखंड अधिकारी झंवरलाल मित्तल को पत्र देकर विशेष गिरदावरी करवाने व प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने भी इस संबंध में मित्तल को ज्ञापन देकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवा कर राहत देने की मांग की। इस दौरान हरिप्रसाद सिख वाल, मदनलाल प्रजापत, पेमाराम महिया, योगेश बलदेवा, आदूराम बाना व रामकिशन गावड़िया मौजूद रहें।







# युवा खेल प्रतिभाओं के लिए खेलो इंडिया सेंटर श्रीडूंगरगढ़ में खुलवाने की मांग, विधायक ने लिया तुरंत संज्ञान, भेजा पत्र

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** श्रीडूंगरगढ़ में सॉफ्टबॉल खेल का खेलो इंडिया सेंटर स्वीकृत करवाने की मांग को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के देहात जिलाध्यक्ष व पालिका उपाध्यक्ष विनोद गिरी गुसाई ने विधायक ताराचंद सारस्वत को ज्ञापन दिया। गुसाई ने विधायक सेवा केंद्र में सारस्वत को पत्र सौंपते हुए बताया कि गत 10 वर्षों से सॉफ्ट बॉल खेल के प्रति क्षेत्र में खिलाड़ियों का रूझान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस सेंटर के स्वीकृत होने से खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण व बेहतर सुविधाएं मिल सकेगी। जिससे खेल प्रतिभाएं देश प्रदेश में ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र नाम रोशन कर सकेगी। गुसाई ने विधायक सारस्वत से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा संबंधित खेल प्राधिकरण को आवश्यक प्रस्ताव व अनुशंसा भिजवाकर स्वीकृति दिलवाने का आग्रह किया। इस पर विधायक सारस्वत ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारियों से फोन पर वार्ता की और इस पर कार्य के लिए जरूरी कार्रवाई करने के लिए निर्देश देते हुए पत्र भी भेजा। इस दौरान पर मांगीलाल गोदारा, मोहन पूनियां, रामकिशन जाट उनके साथ रहें।



# पंचायती राज आम चुनाव-2026- मतगणना कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण, 20 को होगी मतगणना





**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** पंचायती राज आम चुनाव-2026 की मतगणना के लिए नियुक्त मतगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को रवींद्र रंगमंच पर आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी तथा राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव पंकज शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण है। सभी अधिकारी निष्पक्षता, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदु की सूक्ष्म जानकारी तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें। विभिन्न सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दक्ष मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना पर्यवेक्षकों एवं मतगणना सहायकों को डाक मतपत्रों सहित मल्टीपोल मल्टीवोट मॉडल की ईवीएम मशीनों के माध्यम से मतगणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इन मशीनों के संचालन एवं उपयोग की बारीकियों से अवगत करवाते हुए मतगणना का व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) अभ्यास करवाया गया, जिससे मतगणना के दौरान अधिकारी पूरी दक्षता एवं आत्मविश्वास के साथ कार्य कर सकें। प्रशिक्षण एस.एल. राठी, डॉ शमिन्द्र सक्सेना डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. राजाराम, डॉ. राजपाल, डॉ. गणेश सदारंगानी, अमित बंसल सहित अन्य प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

## वार्ड 37 मे क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत करवाने की मांग



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** वार्ड 37 के पार्षद अशोक कुमार सोनी ने पालिकाध्यक्ष नारायण कलाणी को ज्ञापन देते हुए वार्ड में क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत करवाने की मांग की है। सोनी ने बताया कि कालूबास क्षेत्र में स्थित वार्ड में नालियां टूटी होने के कारण जलनिकासी नहीं हो रही है। जिससे गंदा पानी जमा होने से आवागमन बाधित होने के साथ दुर्गंध से वार्डवासी परेशान हो रहें है। पालि काध्यक्ष ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# कॉलेज विद्यार्थियों को दिया नशामुक्ति का संदेश, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** राजकीय महाविद्यालय श्रीडूंगरगढ़ में बुधवार को नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत व्याख्यान एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंगलाल सेवग ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि इससे परिवार और सामाजिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया। वहीं महाविद्यालय में पूर्व में आयोजित नशामुक्ति स्लोगन प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। इसमें मीनाक्षी ने प्रथम, रेणू शर्मा ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि बजरंगलाल सेवग, प्राचार्य अमित तंवर एवं नशामुक्ति प्रभारी निशा सोढ़ा ने पुरस्कृत किया। इसी क्रम में महाविद्यालय के ईएलसी क्लब के तत्वावधान में मतदान जागरूकता एवं शुद्ध मतदाता सूची के महत्व विषय पर निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# बिग्गा सरपंच का ग्रामीणों ने किया सम्मान, लिया विकास का संकल्प



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** गांव बिग्गा के सरपंच संपत्त फौजी का उनके मोहल्ले में मेघराज पुरोहित के घर स्वागत सम्मान किया गया। पूनमचंद व्यास, शांतिप्रकाश रंगा ने फूलमाला व साफा पहना कर सम्मान किया वहीं प्रकाश कुमार ने कंबल ओढ़ाकर सम्मन किया। इस दौरान सरपंच ने गांव में आपसी भाईचारे को प्रेरणीय बताते हुए गांव में समरसता के साथ समग्र रूप से विकास करवाने की बात कही। कार्यक्रम में सत्यनारायण व्यास, भंवरलाल रंगा, नेमीचंद रंगा, किसनलाल पुरोहित, मदनलाल शर्मा, रामलाल सोनी, बाबूलाल जाखड़, राजेश औझा, राजू ओझा, संपत्त स्वामी, मांगीलाल व्यास, सीताराम जाखड़, नारायण पुरोहित, संपत्त जोशी, बालाराम, वार्डपंच सत्यनारायण, पंच मोतीराम शर्मा, पंच गणेश रंगा, शंकलाल पुरोहित, प्रह्लाद पुरोहित, अमित पुरोहित, महादेव पुरोहित, नारायण, राजू ओझा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## गौ ट्रॉमा सेंटर मोमासर में गोपाष्टमी पर हुआ धार्मिक आयोजन

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** गौ ट्रॉमा सेंटर मोमासर में मंगलवार को गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां गौमातओं का तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर पूजन किया गया। गौमाताओं को गुड़ और पौष्टिक आहार खिलाया। भोमिया दादा सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गौशाला प्रांगण में बालाजी महाराजी की ज्योत, संगीतमय सुदंरकांड व आरती का आयोजन संपन्न किया गया। परमेश्वरलाल जोशी गोगासर, संजय पारीक, पवन पारीक, कुलदीप पारीक, ढोलक संगत शकील भींयाणी ने पाठ संपन्न करवाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। गोपाष्टमी पर मोमासर का बाजार बंद रखा गया। अनेक व्यापारियों ने गौशालाओं में गुड़ चारा की सेवाएं देते हुए सहयोग दिया।

## वार्ड 3 में सड़क निर्माण व रोड लाइट लगवाने की मांग



**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** वार्ड 3 के पार्षद आईदान पारीक ने पालिका ईओ अभिषेक गहलोत को ज्ञापन देते हुए वार्ड में पेयजल समस्या का समाधान करवाने, सड़क निर्माण करवाने व रोड लाइटें लगवाने की मांग की। पारीक ने बताया कि ईओ गहलोत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्य करवाने की बात कही।

# आंवला नवमी पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का पूजन कर की सुख-समृद्धि की कामना





**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** क्षेत्र में बुधवार को आंवला नवमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का विधि-विधान से पूजन किया तथा वृक्ष की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कस्बे में आड़सर बास, बिग्गाबास सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजन किया, कथा कहानी सुनी तथा परिवार की सुख-शांति और संतान के लिए मंगलकामनाएं की। पर्व को लेकर सुबह से ही आंवले के वृक्षों के आस पास महिलाओं की चहल-पहल रही।

# अलवर पुलिस का 45 दिवसीय साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप

## कार्यक्रम सम्पन्न- 6 राज्यों के 34 विद्यार्थियों ने लिया प्रशिक्षण

**जयपुर 18 नवंबर।** महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे के बीच युवाओं की तकनीकी प्रतिभा को पुलिसिंग से जोड़ने की दिशा में अलवर पुलिस की अनूठी पहल के तहत आयोजित 45 दिवसीय 'साइबर सुरक्षा इंटर्नशिप प्रोग्राम-2026' सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। 5 अक्टूबर से 18 नवंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान सहित देश के 6 राज्यों के 34 विद्यार्थियों ने भाग लेकर साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध अनुसंधान से जुड़ी तकनीकी दक्षताएं हासिल कीं। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के लिए देशभर से करीब 1,600 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 105 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया तथा 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में से 34 ने इंटर्नशिप कार्यक्रम में सहभागिता की। इसमें राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, आंध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु के विद्यार्थी शामिल रहे। यह कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डॉ. दीपक कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी के सुपरविजन में पुलिस उप अधीक्षक साइबर क्राइम वीरेंद्र सिंह भाटी, प्रोग्रामर मनीष गंगावत तथा सूचना सहायक उमेश खत्री के नेतृत्व में संचालित किया गया। तीन चरणों में दिया गया तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण– इंटर्नशिप को तीन चरणों में संचालित किया गया। पहले चरण में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिदिन दो तकनीकी एवं विषयगत व्याख्यान आयोजित किए गए। दूसरे चरण में विद्यार्थियों को साइबर पुलिस थाना, साइबर हेल्पडेस्क एवं चयनित पुलिस थानों में पर्यवेक्षण के तहत व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। तीसरे चरण में विद्यार्थियों ने साइबर अपराध अनुसंधान से जुड़ी समस्याओं पर शोध करते हुए तकनीकी प्रोजेक्ट विकसित किए। प्रशिक्षण के दौरान वित्तीय साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल फॉरेंसिक, मालवेयर एवं एपीके विश्लेषण, ओपन सोर्स इंटेलिजेंस (OSINT), डेटा एनालिटिक्स, ऑफेंसिव एवं डिफेंसिव सिक्योरिटी, ई-गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा और डिजिटल फुटप्रिंट्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, एनसीआरपी पोर्टल की कार्यप्रणाली, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स एवं साइबर जागरूकता अभियान के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस, बैंकिंग और तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन– कार्यक्रम में पुलिस विभाग, बैंकिंग क्षेत्र, सरकारी तकनीकी विभाग और साइबर सुरक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार, डॉ. प्रियंका रघुवंशी, पुलिस उप अधीक्षक वीरेंद्र सिंह भाटी सहित बैंकिंग एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े अरविंद सिद्ध, केशव सैनी, जी.एस. चौधरी, अनिल जांगिड़, मनोज शर्मा, चारु अग्रवाल, अभिषेक पराशर, प्राची चौहान एवं नमन सेठी शामिल रहे। विद्यार्थियों ने विकसित किए साइबर अनुसंधान से जुड़े तकनीकी प्रोजेक्ट– इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस की वास्तविक कार्यप्रणाली एवं अनुसंधान संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तकनीकी टूल्स और प्रोटोटाइप विकसित किए। इनमें वित्तीय लेन-देन एवं मनी ट्रेल के विश्लेषण के लिए 'धन खोज' टूल, साइबर क्राइम इंटरनल कमांड एवं एविडेंस पोर्टल, क्रिप्टो ट्रेल एवं सीडीआर एनालाइजर, संदिग्ध मोबाइल एप्लीकेशन के विश्लेषण के लिए एपीके एनालिसिस टूल तथा केस मैनेजमेंट एवं अनुसंधान कार्यों को व्यवस्थित करने वाले टूल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त डिजिटल फॉरेंसिक संबंधी टूल, साइबर जागरूकता एवं नागरिक सहायता से जुड़े समाधान तथा साइबर अनुसंधान और ओपन सोर्स इंटेलिजेंस विश्लेषण के लिए तकनीकी प्रोटोटाइप भी तैयार किए गए। इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने साइबर अपराध अनुसंधान में तकनीकी नवाचार और पुलिस की आवश्यकताओं के अनुरूप नए समाधान विकसित करने का प्रयास किया। आधिकारिक उपयोग से पहले होंगे तकनीकी और कानूनी परीक्षण– अलवर पुलिस के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा विकसित सभी प्रोजेक्ट एवं टूल्स फिलहाल शोध और प्रोटोटाइप स्तर पर हैं। इनके किसी भी प्रकार के आधिकारिक उपयोग से पहले आवश्यक तकनीकी, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी परीक्षण और सत्यापन किया जाना जरूरी होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की तकनीकी एवं शैक्षणिक जानकारी को पुलिस की वास्तविक कार्यप्रणाली से जोड़ना और साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप के अनुरूप तकनीकी रूप से सक्षम मानव संसाधन तैयार करना रहा। यह पहल भविष्य में पुलिस, शैक्षणिक संस्थानों और साइबर सुरक्षा उद्योग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा तकनीक आधारित, ज्ञान आधारित एवं नागरिक केंद्रित पुलिसिंग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। साइबर सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी जरूरी– पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इस इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं की तकनीकी क्षमता का उपयोग समाज को साइबर सुरक्षित बनाने में किया जाएगा। इससे युवाओं को पुलिसिंग की कार्यप्रणाली समझने और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक दक्षता हासिल करने का अवसर मिला है। अलवर पुलिस ने स्थानीय नागरिकों की साइबर अपराध संबंधी सहायता के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930, एनसीआरपी पोर्टल तथा अलवर निवासियों के लिए हेल्पलाइन नंबर 8764874306 के बारे में भी जानकारी साझा की।

# सेरूणा थानाधिकारी इमीचंद ने एक एमडी सप्लायर को किया गिरफ्तार

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026।** एमडी का नशा श्रीगंगानगर व बीकानेर की युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहा है और लगातार समाज चिंतक इसके बढ़ते जाल को लेकर लिए अपनी चिंताए व्यक्त कर रहें है। श्रीडूंगरगढ़ अचंल में भी इस खतरनाक नशे से जुड़े कनेक्शन लगातार सामने आ रहें है। सेरूणा थानाधिकारी इमीचंद ने मंगलवार को एक एमडी सप्लायर को धर दबोचा और हवालात में बंद किया। इमीचंद ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी 33 वर्षीय राकेश सारण पुत्र लालाराम जाट निवासी बीरमसर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सबूत मिलने पर उसे सेरूणा से गिरफ्तार कर हवालात में बंद किया, जिसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। विदित रहें श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में 10 अक्टूबर 2026 को श्रीडूंगरगढ़ थाने के एसआई मोहनलाल ने 3.63 ग्राम एमडी के साथ ठुकरियासर निवासी सांवरमल मोटसरा व राकेश कड़वासरा को थार गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया था। इसी मामले में जांच अधिकारी सेरूणा थानाधिकारी इमीचंद ने सबूत पाए जाने पर एक और आरोपी को अरेस्ट किया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नई दिल्ली दौरा, राजस्थान के विकास, कानून व्यवस्था एवं जल परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात कर राज्य में चल रही महत्वपूर्ण परियोजनाओं और जनहित से जुड़ें विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट कर प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, राज्य के समग्र विकास को नई गति देने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के सतत सहयोग से राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से मुलाकात के दौरान प्रदेश के जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रगतिरत विभिन्न जल परियोजनाओं, पेयजल उपलब्धता तथा सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर सकारात्मक संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से जल के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री की माताजी के निधन पर व्यक्त की संवेदनाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर नई दिल्ली स्थित उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# राजस्थान में पेट्रोल पंपों पर विधिक मापविज्ञान विभाग की बड़ी कार्रवाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले मंत्री के निर्देशानुसार प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों पर सघन जांच अभियान जारी

**जयपुर।** उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा एवं पेट्रोल-डीजल की सही मात्रा सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता मामले मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रदेशभर में कुल 62 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कम मात्रा में पेट्रोल-डीजल देने एवं बिना वैध सत्यापन के पेट्रोल पंप संचालित करने के मामले सामने आए।

### दूदू में बड़ी कार्रवाई- तीन साल से बिना सत्यापन चल रहा था पेट्रोल पंप–

जयपुर जिले के दूदू स्थित श्री कृष्ण पेट्रोलियम (HPCL) पर निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आई। जांच में पाया गया कि पेट्रोल पंप के माप-वितरण उपकरणों का अंतिम सत्यापन 12.09.2023 तक ही वैध था, इसके बावजूद पेट्रोल पंप का संचालन लगभग तीन वर्षों से बिना वैध सत्यापन के किया जा रहा था। इस पर विभागीय टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के सभी नोजल जब्त कर लिए तथा 10 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया।

### अन्य जिलों में भी मिली कम मात्रा में पेट्रोल-डीजल देने की शिकायतें–

निरीक्षण के दौरान अन्य जिलों में भी पेट्रोल-डीजल की निर्धारित मात्रा से कम वितरण के मामले सामने आए। दौसा- सूर्या फिलिंग स्टेशन, गढ़ दौसा (HPCL) पर प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर पेट्रोल/डीजल कम दिया जाना पाया गया। एक नोजल जब्त कर 10 हजार 500 का जुर्माना लगाया गया।

**जोधपुर-**

1. गणेशीलाल एंड संस, रेजीडेंसी रोड पर प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर कम वितरण पाए जाने पर 2 नोजल जब्त कर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।
2. सूर्यनगरी पेट्रोलियम, बॉम्बे मोटर्स सर्किल पर भी प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर कम वितरण पाए जाने पर 3 नोजल जब्त कर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

पाली- भाटी हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर प्रति 5 लीटर में 30 मिलीलीटर कम वितरण पाए जाने पर एक नोजल जब्त कर 10,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

### प्रदेशभर में 62 निरीक्षण, 11 नोजल सीज, 85 हजार रूपये का जुर्माना–

प्रदेशभर में की गई कार्रवाई के दौरान उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल-डीजल दिए जाने के मामलों में कुल 11 नोजल सीज किए गए तथा विभिन्न अनियमितताओं पर कुल 85,000 का जुर्माना लगाया गया। मंत्री श्री सुमित गोदारा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पेट्रोल पंपों पर माप-वितरण उपकरणों का वैध सत्यापन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने के लिए जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



### विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ की अपील-

उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल भरवाते समय मीटर की रीडिंग एवं शून्य (Zero) की जांच अवश्य करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर विभाग की हेल्पलाइन 14435 पर शिकायत दर्ज कराएं।



भारती निकेतन स्कूल, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) No.1 SCHOOL

IIT Advanced Result 2026




218 विद्यार्थी 90% से ऊपर
वर्ष 2020 एवं 2026 में
2 बार राजस्थान टॉपर के साथ
IIT Advanced में सलेक्शन

1st RAJASTHAN TOPPER 500/500



Hindi 100/100 English 100/100 Physics 100/100 Chemistry 100/100 Maths 100/100

भारती निकेतन के लाल का कमाल

Bhagirath 100.00%




यहां बनते हैं IITians, Doctors और Board Toppers
70144-44381

# मोदी सरकार का आर्थिक मॉडल विफल, गंभीर संकट की तरफ बढ़ रहा है देश - राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार का आर्थिक मॉडल विफल हो चुका है और देश गंभीर आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है। श्री गांधी ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में मंगलवार को आयोजित संवाद के दौरान कहा कि बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की खामियां, विनिर्माण क्षेत्र की कमजोरी और छोटे एवं मझोले उद्यमों की मुश्किलें देश की प्रमुख समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं और आर्थिक तथा राजनीतिक शक्ति कुछ बड़े समूहों के हाथों में केंद्रित होती जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि इन समस्याओं को विकास दर के आंकड़ों या सेवा क्षेत्र के विस्तार से छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने पत्रकार लिडिया पोलग्रीन के साथ बातचीत में मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि ये पहल विनिर्माण क्षेत्र को अपेक्षित मजबूती और रोजगार के अवसर देने में सफल नहीं रही हैं। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र अकेले भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में रोजगार की जरूरत पूरी नहीं कर सकता। विनिर्माण को आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बनाना होगा। श्री गांधी ने कृषि और छोटे एवं मझोले उद्यमों को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि निजी निवेश का पर्याप्त विस्तार नहीं हो रहा है और कारोबार के अवसर कुछ बड़े औद्योगिक समूहों तक सीमित होते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत में निजी निवेश क्यों नहीं हो रहा है और देश में केवल अडानी तथा अंबानी के कारोबार ही क्यों बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पिछले कई दशकों में तैयार किए गए आर्थिक ढांचे को कमजोर किया है और संपत्ति के साथ राजनीतिक शक्ति का केंद्रीकरण भी बढ़ रहा है। उनके अनुसार आदिवासी, दलित, किसान और अल्पसंख्यक आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था में हाशिये पर धकेले जा रहे हैं। रोजगार की कमी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक असमान पहुंच से युवाओं में असंतोष बढ़ रहा है। छात्रों के विरोध प्रदर्शनों और युवाओं में बढ़ते राजनीतिक असंतोष संबंधी सवाल पर श्री गांधी ने कहा कि कई प्रदर्शनकारी मध्यमवर्गीय परिवारों से आते हैं जिन्हें कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से काफी उम्मीदें थीं। अब युवा सवाल कर रहे हैं कि क्या शैक्षणिक योग्यता और डिग्रियां उन्हें रोजगार तथा आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दे सकती हैं। उन्होंने आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के केंद्रीकरण को लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए नुकसानदेह बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग दोहराई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनावी अनियमितताओं के सबूत जुटाए हैं और व्यवस्था के भीतर से भी लोग जानकारी लेकर सामने आ रहे हैं। अमेरिका की सख्त आव्रजन नीतियों के भारतीय विद्यार्थियों और युवाओं पर असर के सवाल पर उन्होंने कहा कि विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या देश में रोजगार की बड़ी चुनौती का केवल एक छोटा हिस्सा है। देश में रोजगार पैदा करने, घरेलू उत्पादन मजबूत करने और शिक्षा की गुणवत्ता तथा पहुंच सुधारने पर ध्यान देना जरूरी है। श्री गांधी ने अमेरिका और यूरोप के देशों की आर्थिक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अपेक्षाकृत कम लागत उसे वैश्विक आर्थिक दबावों के बीच कुछ मजबूती दे सकती है लेकिन इसके लिए घरेलू आर्थिक कमजोरियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि वह भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं लेकिन देश समय गंवा रहा है। मौजूदा आर्थिक दिशा अगले पांच से दस साल तक जारी रहने पर भारत गंभीर मुश्किलों में पड़ सकता है।






# हाईकोर्ट का अहम फैसला- तदर्थ सेवा के आधार पर वरिष्ठता देना गलत, आदेश निरस्त

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में तदर्थ (अस्थायी) सेवा के आधार पर किसी कर्मचारी को उसकी नियुक्ति की प्रारंभिक तिथि से वरिष्ठता देने के लोक सेवा अधिकरण के आदेश को पूरी तरह से निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक नियमितीकरण आदेश या संबंधित सेवा नियमों में स्पष्ट प्रावधान न हो, तब तक किसी कर्मचारी को नियमितीकरण से पहले की तदर्थ सेवा के आधार पर स्वतः वरिष्ठता का अधिकार नहीं मिल जाता। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुरेंद्र दत्त बिजल्वाण एवं एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए 16 नवंबर को यह फैसला सुनाया, जिसकी प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई। इस निर्णय के तहत खंडपीठ ने उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण, नैनीताल के 6 मार्च 2025 के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें प्रतिवादी कर्मचारी को लाभ दिया गया था। प्रकरण के अनुसार, प्रतिवादी पीयूष चंद्र कपिल को 30 अगस्त 1989 को कनिष्ठ लिपिक के पद पर तदर्थ नियुक्ति दी गई थी, और 30 जून 1992 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। बाद में उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के पालन में उन्हें पुनः सेवा में लिया गया और अंततः 28 जनवरी 2013 को उत्तराखंड नियमितीकरण नियमावली, 2011% के तहत उनकी सेवाएं नियमित कर दी गईं। संबंधित कर्मचारी ने अपनी नियमितीकरण से पहले की तदर्थ सेवा अवधि को भी वरिष्ठता में जोड़ने की मांग की थी। लोक सेवा अधिकरण ने 6 मार्च 2025 को वरिष्ठता सूची में संशोधन करते हुए उनकी वरिष्ठता 30 अगस्त 1989 से तय करने और उन्हें राजेंद्र प्रसाद पंत से ऊपर चौथा स्थान देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई थी कि नियमितीकरण नियमावली के नियम 10 के अनुसार, नियमित कर्मचारी को वरिष्ठता का लाभ नियमितीकरण के बाद कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ही मिलता है। इसके अलावा, नियमितीकरण आदेश में भी सेवाएं 28 जनवरी 2013 से नियमित होने का स्पष्ट जिक्र था, जिसे कर्मचारी ने कभी चुनौती नहीं दी थी। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि तदर्थ सेवा को एसीपी (सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन) का लाभ देने के लिए गणना करना और उसी अवधि को वरिष्ठता निर्धारण के लिए



मान्य करना दो बिल्कुल अलग विषय हैं। एसीपी कार्यकारी निर्देशों पर आधारित है, जबकि वरिष्ठता सेवा नियमों से तय होती है। इसलिए केवल एसीपी का लाभ मिलने से तदर्थ सेवा वरिष्ठता का आधार नहीं बन सकती। अदालत ने अपने निर्णय में श्याम सुंदर ओबेरॉय बनाम जिला एवं सत्र न्यायाधीश और राशि मणि मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य जैसे महत्वपूर्ण सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का हवाला देते हुए दोहराया कि नियमित नियुक्ति से पहले की तदर्थ सेवा को नियमित मानकर वरिष्ठता तय नहीं की जा सकती। अदालत ने माना कि लोक सेवा अधिकरण ने नियमों और आदेश की शर्तों पर बिना उचित विचार किए कर्मचारी को प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता दे दी थी, जो स्थापित कानूनी सिद्धांतों के विपरीत है। उच्च न्यायालय ने याचिका स्वीकार करते हुए अधिकरण का आदेश निरस्त कर दिया है।

# वेलिंगटन में बुमराह की वापसी, न्यूजीलैंड के सामने भारत की कड़ी परीक्षा

भारत गुरुवार से यहां बेसिन रिजर्व में दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में जब न्यूजीलैंड से भिड़ेगा, तो उसकी बल्लेबाजी की गहराई, गेंदबाजी के स्रोत और विदेशी मिजाज का कड़ा इम्तिहान होगा। जिसमें टेस्ट में वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह भारतीय तेज गेंदबाजी की अगुवाई करेंगे। पिछली एकदिवसीय सीरीज 3-1 से जीतने के बाद, भारत अपनी इस लय को लंबे प्रारूप में भी जारी रखना चाहेगा और न्यूजीलैंड का सफल दौरा पूरा करना चाहेगा।

हालांकि, टेस्ट चुनौती एक अलग प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें मेजबान टीम से बेसिन रिज़र्व की जानी-पहचानी कंडीशन का फायदा उठाने की उम्मीद है, जो पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों की मदद करने के लिए जानी जाती है, विशेषकर शुरुआती दौर में।यह मुकाबला भारत को 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 0-3 से मिली हार की निराशा को दूर करने का भी मौका देता है, जब मेहमान टीम भारतीय धरती पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत को हराने वाली पहली टीम बनी थी। कप्तान शुभमन गिल जो लाल गेंद सीरीज की तैयारी के लिए आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाए थे, ने इशारा किया है कि भारत सात विशेषज्ञ बल्लेबाज और चार तेज गेंदबाज उतारेगा, हालांकि फाइनल पेस कॉम्बिनेशन अभी तय नहीं हुआ है। दौरे के सफेद गेंद प्रारूप के दौरान आराम दिए गए बुमराह भारतीय आक्रमण की अगुआई करेंगे, जिसमें मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बरार बाकी जगहों के लिए दावेदारों में शामिल हैं। अंशुल कंबोज और नीतीश कुमार रेड्डी भी अतिरिक्त गेंदबाज और निचले क्रम बल्लेबाजी का विकल्प देते हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों के बीच कॉम्पिटिशन को एक अच्छी सिलेक्शन की मुश्किल बताया, उनके परफॉर्मेंस और बदलते हालात के हिसाब से ढलने वाले अटैक को चुनने की जरूरत की ओर इशारा किया। भारतीय टीम के कप्तान का मानना है कि मैच में दो अलग-अलग चुनौती हो सकती हैं, जिसमें पहले दो दिन सीमर को मदद मिलने की संभावना है, इससे पहले कि सरफेस काफी फ्लैट हो जाए। उन्होंने ऐसे बॉलर होने की अहमियत पर ज़ोर दिया है जो नई बॉल का फायदा कम होने पर भी डेक पर हिट कर सकें और बाउंस निकाल सकें। वेलिंग्टन का मौसम, खासकर उसकी तेज हवाएं, मुकाबले में एक और मोड़ ला सकती हैं। हालात गेंदबाजी को फिजिकली मुश्किल बना सकते हैं, जिससे भारतीय आक्रमण को अपना वर्कलोड मैनेज करना होगा और पांच दिनों तक कंसिस्टेंसी बनाए रखनी होगी। बेसिन रिज़र्व के क्यूरेटर टॉम डेवी ने इशारा किया है कि सरफेस पर लगभग 15 एमएम घास रह सकती है, जिससे मैच की शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ेगा, पिच सूख जाएगी और खराब होती जाएगी, जिससे चौथे और पांचवें दिन स्पिनर्स को मुकाबला करने का मौका मिल सकता है।

## भारत में दुनिया की सबसे बेहतर युवा प्रतिभा : मुर्मु



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को कहा कि भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के साथ सबसे बेहतर युवा प्रतिभाएं भी हैं, जिसका उदाहरण श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स जैसे संस्थान हैं। सुश्री मुर्मु ने आज यहां कॉलेज के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रमुख शिक्षण संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाना जरूरी है। इससे भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी और देश-विदेश के प्रतिभाशाली छात्र उच्च शिक्षा के लिए आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत पिछले 10 वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहा है। इस दौरान बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल बदलाव, वित्तीय समावेशन और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। साथ ही हाल के वर्षों में करीब 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आगे हैं। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा का उपयोग देश के विकास में करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा धन सृजन के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, वंचित वर्गों के लिए अवसर पैदा करें और नैतिकता, संवेदनशीलता तथा भारतीय मूल्यों के साथ पेशेवर उत्कृष्टता हासिल करें। उन्होंने विश्वास जताया कि कॉलेज परिवार विकसित भारत 2047 के निर्माण में योगदान देता रहेगा।

## श्रीडूंगरगढ़ कृषि मंडी से सभी जिंसो के ताजा भाव

**श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 19 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ मंडी में बुधवार को भावों में तेजी देखने को मिली। मूंगफली व ग्वार में शानदार तेजी दर्ज हुई। सिकाई मूंगफली में तो 500 से 700 रूपए की तेजी आई।**

नई खल - 4100/- 4400/-
ग्वार 8000/- 8111/-
ग्वार काला - 7000/- 7900/-
मोठ नया- 8400/- 8700/-
मोठ -6800/-7300
चना- 6700/- 7000/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2750/- 2870/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2700/- 2850/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 6800/- 7500/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 16500/- 17800/-
जीरा नया- 24500/- 26000/-
मूंग नया- 7000/- 8000/-
मूंग -6000/-7000/-
मूंगफली खला नया ङ्क 6500/- 8401/-
सिकाई मुंगफली -8000/-9400
मूंगफली चुगा नया - 6900/- 8000/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फेरा - 8000/- 9000/-
तिल- 11000/- 12000/-
जौ नया- 2700/- 3000/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/-16500/-

## कांग्रेस ने पंजाब के लिए गठित की चुनाव समिति

कांग्रेस ने पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने समिति की सदस्यों के नाम को मंजूरी दी है और समिति को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री परगट सिंह को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में प्रताप सिंह बाजवा, अंबिका सोनी, राजिंदर कौर भट्टल, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, मनीष तिवारी, विजय इंदर सिंगला, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, शमशेर सिंह दुल्ले, सुखपाल सिंह खैरा और अमर सिंह सहित कुल 42 सदस्य हैं। कांग्रेस महासचिव के अनुसार समिति में गुरजीत सिंह औजला, शेर सिंह घुबाया, धर्मवीर गांधी, किशोरी लाल शर्मा, संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, राज कुमार वेरका, कुलजीत सिंह नागरा, गुरकीरत सिंह, ओम प्रकाश सोनी, संतोष चौधरी, मालती थापर, राणा कंवर पाल सिंह, भारत भूषण आशु, अरुणा चौधरी, ब्रह्म मोहिंद्रा, रजिया सुल्ताना और त्रिप्त राजिंदर सिंह बाजवा भी शामिल हैं। इसके अलावा राणा गुरजीत सिंह, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, गुरप्रीत सिंह कांगड़, बलबीर सिंह सिद्धू, साधु सिंह धर्मसोत, रणदीप सिंह नाभा, अवतार हेनरी सीनियर, कुशलदीप सिंह ढिल्लों, हरदेव सिंह लड्डी, कैप्टन संदीप सिंह संधू, अजीत इंदर सिंह मोफर और प्रो. इमैनुएल नाहर को भी जगह दी गई है।